Office Order No. 2026-27/ 96

Central Sanskrit University

Ekalavya Campus, Agartala- 799210 (Tripura)

(Established by an Act of Parliament)

Ministry of Education, Govt. of India

Accredited with 'A++' Grade by NAAC

दिनांक 29.06.2026

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, मुख्यालय, नई दिल्ली के शैक्षणिक अनुभाग द्वारा जारी संशोधित अधिसूचना संख्या 8-1/CSU/Acd/Admissions/CUET-PG/2026/355 (दिनांक 25.06.2026) एवं तत्सम्बन्धी तिथि संशोधन निर्देश (दिनांक 27.06.2026) के अनुपालनार्थ, शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में शिक्षा शास्त्री (B.Ed.) प्रथम वर्ष की प्रवेश एवं भौतिक प्रमाणपत्र सत्यापन प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी, नियमानुसार तथा निर्धारित समय-सीमा में संपन्न कराने हेतु निदेशक महोदय के आदेशानुसार स्थानीय प्रवेश समिति का गठन निम्नानुसार किया जाता है:

1. प्रो. बी.पद्ममित्र श्रीनिवास, अध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा — संयोजक
2. डॉ. नन्ददुलाल मण्डल, सहायकाचार्य, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा — सदस्य
3. डॉ. बिजय कुमार जेना, सहायकाचार्य, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा — सदस्य
4. डॉ. अनुप बिस्वास, सहायकाचार्य, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा — सदस्य
5. श्री सतीश कुमार मीणा, एलडीसी, — कार्यालयीय सहयोग हेतु
6. श्री श्रीबास चन्द्र देबनाथ, एम.टी.एस. — कार्यालयीय सहयोग हेतु

उक्त समिति मुख्यालय के निर्देशानुसार दिनांक 30.06.2026 (प्रातः 10:00 बजे) से दिनांक 06.07.2026 (सायं 05:30 बजे) की अवधि में आवंटित अभ्यर्थियों के मूल एवं स्वप्रमाणित प्रमाणपत्रों का भौतिक सत्यापन (Physical Verification) कर नियमानुसार अनंतिम (Provisional) प्रवेश सुनिश्चित करेगी।

1. समिति यह सुनिश्चित करेगी कि चयनित विद्यार्थियों द्वारा शुल्क भुगतान समर्थ पोर्टल (Samarth Portal) पर ऑनलाइन माध्यम से ससमय किया जाए। PwD (दिव्यांग) श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु देय 100% शुल्क मुक्ति की पुष्टि कर परिसरीय तकनीकी सहायक के समन्वय से पोर्टल पर 'Zero Fees' अपडेट कराया जाना अनिवार्य है।
2. अपरिहार्य कारणों से आवश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत न कर पाने वाले अथवा प्रतीक्षित परीक्षा परिणाम वाले अभ्यर्थियों से मुख्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट-3 / निर्दिष्ट घोषणा-पत्र) के अनुसार शपथ-पत्र (Undertaking) प्राप्त कर ही अनन्तिम प्रवेश स्वीकृत किया जाएगा।
3. प्रवेश प्रक्रिया के सफल सम्पादन के उपरान्त सभी प्रवेशित छात्र-छात्राओं को दिनांक 07.07.2026 को परिसर में अध्ययन हेतु उपस्थित होने का निर्देश समिति द्वारा संसूचित किया जाएगा।

29/6/2026

(प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी)
निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक अनुपालनार्थ प्रेषित:

1. सम्बन्धित समिति सदस्यों को (अति-त्वरित कार्यान्वयन, अभिलेखन एवं अनुपालनार्थ)
2. प्रभारी अधिकारी (प्रवेश), अकादमिक अनुभाग, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।
3. सहनिदेशक को सूचनार्थ
4. प्रवेश संचिका (शिक्षा शास्त्री प्रवेश प्रकोष्ठ), एकलव्य परिसर।
5. अनुभाग अधिकारी / लेखा विभाग (स्थानीय)।
6. समन्वयक, आई.क्यू.ए.सी. (IQAC), एकलव्य परिसर।
7. तकनीकी सहायक (परिसर की आधिकारिक वेबसाइट पर अभ्यर्थियों की सहायतार्थ तत्काल अपलोड करने एवं समर्थ पोर्टल प्रबंधन हेतु)।